लोकसभा अध्यक्ष ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

...

नई दिल्ली; 31 दिसंबर, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है,

" मेरे प्रिय देशवासियों, मेरे परिवार जनों,आप को नववर्ष 2024 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

मेरी कामना है कि नया साल आपके और आपके प्रियजनों के जीवन में नई खुशियां लेकर आए।आपके सभी संकल्प पूरे हो। नए साल में आपका जीवन नई उपलब्धियों एवं नई सफलताओं से परिपूर्ण रहे।

नया साल वो समय है जब हम अपने लिए नए लक्ष्य तय करते हैं और उनको पाने के लिए नई ऊर्जा और नए उत्साह के साथ काम करते हैं। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि आप नए साल में नए विश्वास, नई योजना और नए संकल्प के साथ अपने जीवन को आगे बढ़ाएं। सकारात्मक ऊर्जा के साथ हम स्वयं को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। हम अपने परिवार को, समाज को और राष्ट्र को उत्कृष्ट बनाने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

नव वर्ष आप सभी के जीवन में शांति, सुख एवं समृद्धि लेकर आए, आपका स्वास्थ्य उत्तम रहे, मैं ईश्वर से यही कामना करता हूँ।

जय हिंद।"